Haryana Government Gazette

Published by Authority

© Government of Haryana

No. 41–2025] CHANDIGARH, WEDNESDAY, OCTOBER 8, 2025 (ASVINA 16, 1947 SAKA)

PART-I

Notifications, Orders and Declarations by Haryana Government

हरियाणा सरकार

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग

अधिसूचना

दिनांक 8 अक्तूबर, 2025

संख्या 757 कृषि अनु(1)–2025/5482.— हरियाणा कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 (1961 का पंजाब अधिनियम 23) की धारा 7 की उपधारा (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा सरकार, कृषि विभाग, अधिसूचना संख्या, 4684–कृषि अ–[-92/27731, दिनांक 03 दिसम्बर, 1992 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात्:–

संशोधन

हरियाणा सरकार, कृषि विभाग, अधिसूचना संख्या, 4684–कृषि अ–[-92/27731, दिनांक 03 दिसम्बर, 1992 में, अनुसूची में, खाना 1 के नीचे, विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :–

1
''नई अनाज मण्डी तथा नई सब्जी मण्डी फिरोजपुर झिरका की सीमाएं निम्नानुसार हैं:– **पूर्व :–** आंतरिक सड़क नई अनाज मण्ड़ी फिरोजपुर झिरका। **पश्चिम :–** दिल्ली–अलवर मुख्य सड़क तक। **उत्तर :–** मंडी समिति कार्यालय भवन, फिरोजपुर झिरका। **दक्षिण :–** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फिरोजपुर झिरका की चारदीवारी।''

पंकज अग्रवाल,
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
कृषि तथा किसान कल्याण विभाग।

HARYANA GOVERNMENT

AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE DEPARTMENT

Notification

The 8th October, 2025

No. 757-Agri. Sec.(1)-2025/ 5482.— In exercise of the powers conferred under sub-section (2) of section 7 of the Haryana Agricultural Produce Markets Act, 1961 (Punjab Act 23 of 1961), the Governor of Haryana hereby makes the following amendment in Haryana Agriculture Department, notification No. 4684-Agri,S(I) 92/27731, Dated the 3rd/4th December 1992, namely:-

AMENDMENT

In Haryana Government, Agriculture Department notification No. 4684-Agri,S(I) 92/27731, dated the 3rd/4th December, 1992, in the Schedule, under column 1, for the existing entries, shall be substituted, namely:-

1
"New Anaj Mandi & New Subji Mandi Ferozpur Jhirka with boundaries as under:- **East:-** Land up to Internal Roads of New Grain Market Ferozpur Jhirka. **West:-** Up to the Delhi-Alwar main Road. **North:-** Office Building of Market Committee, Ferozpur Jhirka. **South:-** Boundary wall of Govt. ITI College Ferozpur Jhirka."

PANKAJ AGARWAL,
Principal Secretary to Government Haryana,
Agriculture and Farmers Welfare Department.

12155—C.S.—H.G.P., Pkl.